आवंटितियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अधीन कोई सहायता उपलब्ध कराई गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उक्त कार्यक्रम के अधीन गुजरात को कितनी सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) से (ग) अधिकतम सीमा से फालतू भूमि के आबंटितियों को वित्तीय सहायता देने की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत आंशिक राशि भूमि को कृषि योग्य बनाने तथा कुछ खपत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये, वितरित भूमि के प्रति हैक्टेयर 2500 रुपये के हिसाब से वित्तीय सहायता दी जाती है । योजना 1975–76 से क्रियान्वित की जा रही है । 1992–93 तक इस योजना के के अन्तर्गत गुजरात को केन्द्रीय सहायता के रूप में 177.22 लाख रुपये की राशि रिलीज की गई है ।

Introduction of DPAP Scheme in Mundra Taluka

2109. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Mundra Talukas of Kachh District of Gujarat State Assembly constituency seat is not notified under DPAP scheme of the Central Government.

(b) whether it is also a fact that the Mundra Constituency of Kachh District of Gujarat State is notified as S.C. (Scheduled Caste) seat;

(c) whether DPAP scheme has been introduced in Mundra Taluka;

(d) if so, when it has been introduced and if not, the reasons therefor;

(e) whether any proposal has been submitted by the Gujarat Government to cover Mundra Taluka under DPAP scheme; and

(f) if so what steps have been taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) Yes, Sir.

(b) The Mundra Assembly Constituency of Kutch District is notified as a reserved constituency for the Scheduled Castes.

(c) and (d) No, Sir. At present the DPAP is implemented in the areas identified on the basis of rainfall and irrigation criteria fixed by the Task Force 1982 headed by Dr. Swaminathan and as modified by the Inter Departmental Group in 1984. As per the Criteria seven talukas of Kutch namely, Abdasa, Anjar, Bhachav, Bhuj, Lakhapat, Nakhatrana and Rapar were identified and are presently covered under DPAP. The Mundra Taluka was not included as it did not fulfil the criteria.

(e) Yes, Sir.

(f) The State Government have been informed that the DPAP will continue to be implemented in the already identified areas until a Sparate Committee further examines the aspects of inclusion and exclusion of areas.

उत्तर प्रदेश में फालतू भूमि को राज्य के ग्रामीण निर्धनों में बांटे जाने संबंधी निदेश

2110. **श्री ईशदत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने फालतू भूमि को ग्रामीण निर्धनों में बांटे जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को कोई निदेश दिये हैं :

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन निदेशों का उत्तर प्रदेश सरकार ने किस सीमा तक पालन किया है ; और